भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2383

गुरूवार, 20 मार्च, 2025/29 फाल्गुन, 1946 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्क**

**2383 डा. सस्मित पात्रा:**

**श्री निरंजन बिशी:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में बड़े पैमाने पर पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्क स्थापित करने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) ओडिशा में स्थापित किए जाने हेतु प्रस्तावित ऐसे ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्कों का उनकी अवस्थिति और कार्यान्वयन की समय-सीमा सहित ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): ग्रामीण पर्यटन सहित पर्यटन गंतव्यों एवं उत्पादों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं के माध्यम से ओडिशा राज्य सहित अन्य राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करके देश में पर्यटन अवसंरचना विकास के प्रयासों को संपूरित करता है। स्वदेश दर्शन योजना के ग्रामीण परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

मंत्रालय ने देश में पर्यटन स्थलों के एकीकृत विकास के लिए एक मजबूत ढांचा तैयार करने के मिशन से अपनी स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 के तौर पर नया रूप दिया है और उत्तराखंड के गुंजी में 32.20 करोड़ रु. की लागत वाली ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर अनुभव नामक परियोजना को मंजूरी दी है।

देश में ग्रामीण पर्यटन की अपार संभावनाओं को देखते हुए, पर्यटन मंत्रालय ने भारत में ग्रामीण पर्यटन के विकास के लिए एक राष्ट्रीय कार्यनीति और रोडमैप तैयार किया है।

*****

**अनुबंध**

डा. सस्मित पात्रा और श्री निरंजन बिशी द्वारा ग्रामीण पर्यटन क्लस्टर और पर्यटन पार्क के संबंध में दिनांक 20.03.2025 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न संख्या 2383 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

**स्वदेश दर्शन योजना के 'ग्रामीण परिपथ' थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

**(राशि करोड़ रु. में)**

| **क्र.सं.** | **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **स्वीकृत राशि** |
|---|---|---|---|---|
| 1. | बिहार | (2017-18) | गांधी परिपथ: भितिहरवा - चंद्रहिया - तुरकौलिया का विकास | 44.27 |
| 2. | केरल | (2018-19) | मालानाड मालाबार क्रूज़ पर्यटन परियोजना का विकास | 57.35 |
| | | | **कुल** | **101.62** |

*****